तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 रायगढ़ सराफा बाजार में बुर्का, नकाब पर रोक, सुरक्षा के लिहाज से फैसला




**खबर संक्षेप**

## गांव से निकला युवा शोधकर्ता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के एक साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर युवा स्वतंत्र शोधकर्ता कमल दास महंत ने विज्ञान के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनके द्वारा प्रस्तावित केईयूएफटी नामक नवीन वैज्ञानिक सिद्धांत और उससे जुड़ा इस समय अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय में चर्चा का विषय बना हुआ है। केईयूएफटी एक उन्नत सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ढांचा है, जो ऊर्जा, क्षेत्र और माध्यम मीडियम के बीच नए प्रकार के अंतःक्रिया की व्याख्या प्रस्तुत करता है। इस शोध का उद्देश्य पारंपरिक भौतिकी की सीमाओं से आगे जाकर ऐसे प्रभावों का अध्ययन करना है, जिन्हें प्रयोगों के माध्यम से सत्यापित किया जा सके। इस शोध कार्य को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ओपन साइंस प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित किया गया है, जहाँ अब तक इसे 352 से अधिक बार देखा जा चुका है, तथा 283 से अधिक बार डाउनलोड किया गया है। साथ ही यह शोध ओपन एयर में हो चुका है और गूगल पर भी शोधकर्ता के नाम के साथ सूचीबद्ध है, जो इसकी अकादमिक विश्वसनीयता को दर्शाता है। वैज्ञानिक हलकों में केईयूएफटी को एक नवोन्मेषी और प्रयोग-योग्य सिद्धांत के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शोध भविष्य में उन्नत भौतिकी, ऊर्जा अध्ययन और रक्षा व अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाना कमल दास महंत की मेहनत, आत्म-अध्ययन और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है।



### कस्टम मिलिंग नीति 2016 के उल्लंघन का मामला

# उठाव के बाद तीन राइस मिलों में पांच हजार क्विंटल धान गायब

**खरसिया और पुसौर ब्लॉक की तीनों मिलों में की गई छापेमारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पुसौर और खरसिया ब्लॉक के तीन राइस मिलों में चकित कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां अभी खरीदी हो रही धान का उठाव करने के बाद तीनों राइस मिलों में 5 हजार क्विंटल धान गायब हो गया है। इसका खुलासा जब हुआ जब मिलों में एक साथ राजस्व, फूड और मंडी की टीम ने छापेमारी की। मिलों में साढ़े 60 हजार क्विंटल धान जब्त कर लिया गया है। इसे कस्टम मिलिंग अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। गुरुवार को पुसौर ब्लॉक के सहदेवपाली स्थित कृष्णा राइस मिल और खरसिया के जय भोले ट्रेडर्स में दबिश दी गई। कृष्णा राइस मिल में जहां 1930.60 क्विंटल धान कमी पाई गई। वहीं जय भोले ट्रेडर्स में 480 क्विंटल धान कमी था। इसी तरह खरसिया के श्री बालाजी राइस मिल में जांच की गई जहां 2784 क्विंटल धान कमी पाई गई। तीनों मिलों के संचालकों द्वारा अभी 2025-26 का नया धान कस्टम मिलिंग के लिए उठाव किया गया था। उठाव के बाद मिलों में जितना धान होना चाहिए उतना नहीं था। ऐसे में इसे कस्टम मिलिंग अधिनियम 2016 का उल्लंघन मानते हुए प्रकरण दर्ज किया गया है। अब इसकी सुनवाई कलेक्टर कोर्ट में होगी। कृष्णा राइस मिल में 58284 बोरी 23313.60 क्विंटल और खरसिया के जय भोले ट्रेडर्स में 35595 बोरी 14238 क्विंटल धान जब्त कर लिया गया है। वहीं 57 हजार 677 बोरी धान जब्त की गई है।



दोनों मिलों में जब्त किया गया 37 हजार क्विंटल धान

### धान की रिसायकल की आशंका

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दोनों मिलों में धान रिसायकल की आशंका है। अब इसकी जांच पूरी होने के बाद ही इसका खुलासा होने की बात कही जा रही है। कहां-कहां से कितनी- कितनी मात्रा में धान का उठाव किया गया था इसकी जांच होने से ही पूरा मामले सामने आएगा।

### अब तक 175 प्रकरण दर्ज, 254708 बोरी धान जब्त

अब तक जिले में 175 प्रकरण धान के बनाए गए हैं। इसमें 12 अंतरराज्यीय है। बाकी कोचिया की धान है। इतने प्रकरणों में 2 लाख 54 हजार 708 बोरी, याने 101883.20 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस पूरे मामले में एक बात आश्चर्य करने वाली है, जिसमें जहां से जब्त की जाती है उसी के सुपुर्द में धान दे दी जाती है। ऐसे में वह धान सुरक्षित रहेगा इसकी गारंटी नहीं है।

# मुद्दाविहीन विपक्ष लगा रहा है बिना तथ्यों का आरोप : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शुक्रवार को सीएम विष्णुदेव साय खरसिया के खम्हार गांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम श्री साय मीडिया से चर्चा की। उन्होंने धान खरीदी को लेकर कहा कि इस साल भी खरीफ सीजन में अच्छी बारिश हुई है। जिससे पैदावार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और खरीदी भी बेहतर तरीके से चल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सीएम ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी किसान को फसल बेचने में परेशानी न हो। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है और रायपुर से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं विपक्ष के आरोपों पर सीएम ने कहा कि विपक्ष अब मुद्दाविहीन हो चुका है और बिना तथ्यों के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो उचित नहीं है। बातचीत में उन्होंने कहा कि खम्हार में इतने भव्य धार्मिक आयोजन का सफल होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक परिवार द्वारा इस स्तर का आयोजन किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद हमेशा इस परिवार और पूरे छत्तीसगढ़ पर बना रहे।

# कृषि विस्तार अधिकारी का मोबाइल हैक कर 2.61 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी के मोबाइल को हैक कर 2 लाख 61 हजार ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार लैलूंगा में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी फलेश्वर प्रसाद पैंकरा ने बताया कि एचडीएफसी बैंक की लैलूंगा शाखा में उनका खाता है। 12 जनवरी सुबह सवा 9 बजे के आसपास जब वो ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहे थे तभी उनके मोबाइल पर एक संदेश आया। संदेश में अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख और आईएमपीएस के माध्यम से 61 हजार कुल 2 लाख 61 हजार ऑनलाइन निकाल लिया है। पीड़ित ने लैलूंगा पुलिस को सूचित किया और नेशनल साइबर क्राइम 1930 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि अज्ञात ठग ने पहले उनके मोबाइल को हैक किया फिर पासवर्ड बदला। इसके बाद बैंक की निकासी सीमा को बढ़ाकर दो बार में कुल 2 लाख 61 हजार की राशि का आहरण कर लिया। इस घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत बैंक में आवेदन देकर अपना खाता होल्ड करा दिया है। साथ ही लैलूंगा थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है, जिस पर पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

**जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला, बीते साल होली की रात घटी थी घटना**

# भाई के हत्यारे को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मामूली विवाद में भाई को मौत की नींद सुलाने वाले आरोपी को सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और अलग-अलग धाराओं में अर्थदंड से भी दंडित किया है। इस मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक पीएन गुप्ता ने पैरवी की है। 14 मार्च 2025 को होली की रात करीब 8 बजे आरोपी सुशील कुमार दास पिता पंचरात महंत (28) निवासी ग्राम तरकेला और उसका भाई निर्मल दास दोनों बस्ती की ओर से घुम कर घर लौट रहे थे। उनके पिता पंचराम दोनों को खाना खाने के लिए कहा, निर्मल दास खाना खाया, लेकिन आरोपी सुशील कुमार ने खाना नहीं खाया और सो गया। कुछ देर बाद आरोपी सुशील व निर्मल दास आपस में झगड़ा करने लगे तब उनके पिता पंचराम दोनों को झगड़ा करने से मना किया, लेकिन आरोपी नहीं माने और घर में रखे लकड़ी के डण्डा से निर्मल दास के सिर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे निर्मल दास जमीन में गिर गया। इसके बाद आरोपी ने निर्मल दास को हाथ, पैर से भी मारपीट किया। जिससे निर्मल दास की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हत्या के आरोपी में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी सुशील कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पंचराम ने अपने न्यायालयीन कथन में मर्ग इंटीमेशन एवं प्रथम सूचना पत्र दर्ज नहीं करवाना बताया, जबकि उपनिरीक्षक ने उससे इंकार किया है। मर्ग इंटीमेशन एवं प्रथम सूचना पत्र में पंचराम के तीन पुत्र होने, दो पुत्र मृतक और आरोपी उसके साथ रहने, एक अन्य पुत्र अन्य गांव में रहने एवं जिन परिस्थितियों में घटना हुई।




## खबर संक्षेप

### बोरोडिपा में पानी टंकी निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के बोरोडिपा के कृषि कार्यालय के पीछे 75 लाख की लागत से पानी टंकी निर्माण का भूमि पूजन किया गया । इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, सीएमओ ललित साहा, बोरोडिपा के दोनों पूर्व व वर्तमान पार्षद सहित अन्य उपस्थित रहे। पानी टंकी का निर्माण डीएमएफ फंड से होगा। इसी तरह बडे तालाब में भी बन रहा है। आगामी गर्मी को देखते हुए नगर में पानी की समुचित व्यवस्था हो इसके लिए नगर पंचायत ने कमर कस लिया है।

### भूख ऐसी की हाथियों ने चट कर दिया 3 लाख का धान



**रायगढ़।** ओड़िशा सीमा से लगे बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र हाथियों के भोजशाला से कम नहीं है। यहां उनकी भूख मिटती है। इसकी बानगी बीते एक महीने के भीतर हाथियों द्वारा चट किए गए धान के आंकड़े से देखी जा सकती है। एक महीने में करीब 25 दिन इस सेंटर में हाथी पहुंचे और समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान से भूख शांत किया। हालात यह है कि अब तक करीब 3 लाख का धान हाथियों के पेट में चला गया है। अब इसकी भरपाई कैसे होगी यह चिंता समिति प्रबंधक को सता रही है। जानकारी के अनुसार बंगुरसिया धान खरीदी केन्द्र में 17 दिसंबर 2025 से हाथियों का आना शुरू हुआ। पहले एक हाथी आता था जो अपने दांत और सूंड से बोरी को नुकसान पहुंचाकर धान खाता और फैलाता था। अब यहां 3 से 5 हाथी रोज आते हैं। 17 दिसंबर से 16 जनवरी तक हाथियों ने 248.5 बोरी धान खाकर, फैला कर नुकसान पहुंचाया है। इस तरह 31 दिनों में यह नुकसान करीब 3 लाख 7 हजार 520 रुपए का हुआ।

### जिला स्तरीय समन्वयक हेतु दावा-आपत्ति 23 तक

**जशपुरनगर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर गठित वन अधिकार प्रकोष्ठ में मानव संसाधन के रूप में जिला स्तरीय समन्वयक की नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है। इस संबंध में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2026 निर्धारित की गई थी। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3 आवेदक पात्र तथा 32 आवेदक अपात्र पाए गए हैं। पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित कर दी गई है, जिस पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर ने बताया कि, पात्र अथवा अपात्र घोषित अभ्यर्थी यदि किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं।

### 17 जनवरी को चाड़िया संगम में मनेगा अनन्य दिवस

**जशपुरनगर।** ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा के तत्वाधान में माघ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी का अनन्य दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन 17 जनवरी शनिवार को चढ़िया संगम तट पर संपन्न होगा। अग्रेश्वर आसान एवं श्वेश्वरी ध्वज के साथ होगा चढ़िया संगम प्रस्थान- आयोजन के तहत सर्वप्रथम सुबह अघोरेश्वर आसन एवं सर्वेश्वरी ध्वज के साथ चढ़िया संगम तट के लिए प्रस्थान किया जाएगा। संगम तट पर ध्वजारोहण के पश्चात विधिवत पूजन, आरती एवं हवन होगा। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। गोष्ठी का भी होगा आयोजन-दोपहर में गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्म एवं साधना से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बन रही अत्याधुनिक खेल अकादमी

# खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, निखरेंगी खेल प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 जनवरी को बगीचा विकासखंड के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों के लिए 20 करोड़ 53 लाख की लागत से बनाए जा रहे आर्चरी अकादमी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगीचा विकास खंड के सन्ना तहसील के पण्डपाठ में तीरंदाजी अकादमी बनाने के लिए निविदा प्रक्रियाधीन हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जशपुर को कार्य एजेंसी बनाया गया है। **जशपुर जिला खेल प्रतिभाओं की भूमि-** जशपुर जिला खेल प्रतिभाओं की भूमि के रूप में शुरूआत से ही जाना जाता रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर न केवल प्रदेश, बल्कि देश और विदेशों में भी जशपुर का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर की लोक-संस्कृति और यहां के खेलप्रेम से भली-भांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में खेल अधोसंरचना के विकास के तहत आधुनिक स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण खेल आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

- मुख्यमंत्री ने 20 करोड़ के आर्चरी अकादमी का किया भूमिपूजन



**कोरवा जनजाति के तीरंदाजी प्रतिभा को निखरेगी आर्चरी एकेडमीः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए स्टेडियम और खेल मैदानों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय को जन्म से ही तीरंदाजी में प्राकृतिक निपुणता प्राप्त होती है। इस पारंपरिक कौशल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से सन्ना में 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी का निर्माण किया जाएगा। इस अकादमी में लाइब्रेरी, मेडिकल सेंटर, नर्सरी, हर्बल प्लांटेशन, अत्याधुनिक ग्राउंड, चेंजिंग रूम, कोच रूम, उपकरण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, प्रशिक्षण कक्ष, वार्डन एवं गार्ड रूम जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उपकरण, परिवहन के लिए बस, हाईमास्ट लाइट जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

**खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभारः** खेल प्रेमियों और आम नागरिकों का कहना है कि, मुख्यमंत्री श्री साय ने हमेशा खेलों को समाज और युवाओं के विकास का माध्यम माना है। उनकी प्राथमिकताओं में खेल सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों तक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना शामिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, जशपुर के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए और अधिक तैयार हो पाएंगे। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाएगी और आने वाली पीढ़ियों को खेलों की ओर प्रेरित करेगी।

## बगिया को मॉडल सिंचाई क्लस्टर बनाने सीएम की नई पहल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले में समृद्धि दृ कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन आधुनिकीकरण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने बगिया क्लस्टर में प्रस्तावित प्रेशराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क निर्माण से पूर्व जिले के चयनित किसानों को 16 से 20 जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश की मोहनपुरा एवं कुंडलिया वृहद सिंचाई परियोजनाओं के अध्ययन भ्रमण के लिए विगत दिवस बगिया से रवाना किया गया। कलेक्टर के नेतृत्व में 13 गांव के 26 किसान एवं अधिकारी कर्मचारियों सहित कुल 49 सदस्य बस से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निज निवास बगिया से स्वयं किसानों को शुभकामनाएं देते हुए इस अध्ययन दल के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि, वे वहां की आधुनिक सिंचाई प्रणालियों, जल प्रबंधन तकनीकों, फसल पैटर्न और जल उपभोक्ता समितियों के कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन करें, ताकि बगिया समृद्धि परियोजना को जिले का आदर्श मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि, बगिया क्लस्टर अंतर्गत प्रदेश की पहली अंडरग्राउंड पाइप सिस्टम से खेतों में सिंचाई प्रणाली विकसित की जाएगी। इसके तहत भौतिक रूप से नहर बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही पाइप के माध्यम से सिंचाई होने से जल के दुरुपयोग एवं बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। अध्ययन भ्रमण के दौरान किसान मोहनपुरा एवं कुंडलिया परियोजनाओं में स्थापित जल प्रबंधन संरचनाओं, पाइप नेटवर्क संचालन, खेत-स्तरीय वितरण प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित पम्पिंग, जल मापन व्यवस्था, आधुनिक एवं इंटरनेट ऑन थिंग्स आधारित निगरानी प्रणाली तथा जल उपभोक्ता समितियों की भूमिका को प्रत्यक्ष रूप से समझेंगे। इससे किसानों को यह सीख मिलेगी कि, कैसे वैज्ञानिक ढंग से सिंचाई कर फसल उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है, और जल अपव्यय को रोका जा सकता है। इस दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष सालिक साय, कलेक्टर रोहित व्यास, एसपी शशिमोहन सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

- किसानों का दल जल परियोजनाओं के अध्ययन के लिए मप्र रवाना




## मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में आमजनों से किया सीधा संवाद

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिवस अपने गृहग्राम बगिया में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया। जनदर्शन में ग्रामीणजन, महिलाएं, किसान तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी आवेदनों को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि, जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण करते हुए शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि, शासन की योजनाओं का उद्देश्य आमजन के जीवन को सरल बनाना और विकास को गति देना है, इसलिए यह आवश्यक है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि, जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की ढिलाई या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित से जुड़े मामलों को सर्वाच्च प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित निपटारा किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जनदर्शन के दौरान कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, वहीं कुछ मामलों में मुख्यमंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए।

- समस्याओं के त्वरित व प्रभावी निराकरण के दिए निर्देश



## रेलवे लाइन से लाखों का सामान पार अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ इलाके में रेलवे लाइन में लगे तार, फिटिंग का सामान और कांटाघर में रखा सामान अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना के बाद जब चोरों का कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार नरेशदास महंत 29 वर्ष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि प्रेमनगर धरमजयगढ़ में सेंट्रल ईस्ट रेलवे लिमिटेड द्वारा रेलवे लाइन पर खंभे लगाए गए हैं, जिनमें तार बिछाए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए लगी एजेंसी में वह सिक्योरिटी सुपरवाइजर के रूप में काम करता है। 1 जनवरी को जब वह ड्यूटी पर पहुंचा तो उसने देखा कि रेलवे लाइन के खंभा नंबर 60/4 से 60/7 तक तार गायब थे। साथ ही खंभों में लगे ओएचई वायर और अन्य फिटिंग सामग्री भी नहीं थी। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 2 लाख 57 हजार 356 रुपए बताई गई है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपनी एजेंसी के अधिकारियों को दी। पहले अपने स्तर पर आरोपी की तलाश की गई, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो मामले की सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं नारायण प्रसाद डनसेना 30 वर्ष ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि प्रेमनगर धरमजयगढ़ में सेंट्रल ईस्ट रेलवे के रेलवे स्टेशन स्थित कांटाघर में वह सिक्योरिटी का काम करता है। सुबह जब वह ड्यूटी पर पहुंचा तो देखा कि कांटाघर का ताला टूटा हुआ था। अंदर रखे कंप्यूटर, बैटरी, प्रिंटर सहित करीब 1 लाख 50 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया था। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### बिलाईगढ़, सोनाखान व सरसीवा में नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़, सोनाखान एवं सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों की घोषणा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर लकेश्वर देवांगन, सोनाखान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर युधिष्ठिर नायक तथा सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर भीष्म साहू की नियुक्ति की गई है। बिलाईगढ़ विधानसभा विधायक कविता प्राण लहरे ने नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा। साथ ही जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि नवनियुक्त अध्यक्ष पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को संगठित कर क्षेत्र में कांग्रेस को और मजबूती प्रदान करेंगे।

# रायगढ़ सराफा बाजार में बुर्का, नकाब पर रोक, सुरक्षा के लिहाज से फैसला

**रायगढ़।** शहर के सराफा बाजारों में बढ़ती चोरी और जेवरातों की हेराफेरी की घटनाओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने एक अहम और कड़ा निर्णय लिया है। अब सराफा बाजार में बुर्का या नकाब पहनकर दुकानों में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। यह फैसला एसोसिएशन की आपातकालीन बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है।

सराफा व्यापारियों का कहना है कि बीते कुछ महीनों में चोरी, ठगी और जेवरातों की अदला-बदली की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। कई मामलों में आरोपी चेहरा ढककर दुकान में प्रवेश करते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है और वारदात को अंजाम देना आसान हो जाता है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय किसी धर्म, समुदाय या वर्ग विशेष को निशाना बनाने के उद्देश्य से नहीं है। उनका कहना है कि कई बार असामाजिक तत्व चोरी की नीयत से बुर्का या नकाब का सहारा लेते हैं, जिससे ईमानदार ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को परेशानी उठानी पड़ती है।




### जल्द लागू होगा निर्णय

सराफा बाजार में जल्द ही इस नियम को लागू किया जाएगा। दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि ग्राहकों को पहले से जानकारी मिल सके। व्यापारियों का कहना है कि यह कदम केवल सुरक्षित व्यापारिक माहौल और ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। दुकानदारों का कहना है कि वो किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते, लेकिन सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।

### क्यों जरूरी पड़ा फैसला लेना

- लगातार हो रही चोरी और हेराफेरी की घटनाएं
- चेहरा ढकने से पहचान में आती थी दिक्कत
- सीसीटीवी फुटेज में भी नहीं मिल पाता सुराग

### सराफा एसोसिएशन ने निर्णय लिया

अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ में कुछ घटनाएं हुई है, जिसमें ग्राहक अपने चेहरे को ढक कर दुकानों में प्रवेश कर कुछ लूटपाट की घटना को अंजाम दिए हैं। इसके बाद छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

-**पवन अग्रवाल**, सराफा व्यापारी

## स्व ओमप्रकाश की स्मृति में क्रिकेट कप सीजन–2 का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** स्वर्गीय ओमप्रकाश साय स्मृति क्रिकेट कप प्रतियोगिता बगिया सीजन–2 का शुभारंभ शुक्रवार 16 जनवरी को उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। इससे पहले स्व ओमप्रकाश साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रध्दांजली दी गई।

**बगिया एवं बंदरचुवा के बीच हुआ उद्घाटन मुकाबला-** उद्घाटन मुकाबला बंदरचुवा और बगिया टीम के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामवासी मैदान में उपस्थित रहे। मैच में टॉस जीतकर बंदरचुवा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित 8 ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में बंदरचुवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 88 रनों का लक्ष्य बगिया टीम के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बगिया की टीम संघर्ष के बावजूद 52 रन ही बना सकी। इस तरह बंदरचुवा की टीम ने 36 रनों से निर्णायक जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की जोरदार शुरुआत की।

**ऐसे आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए मौका-** उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोसेंद्र देव साय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। साथ ही युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं।



## नवगुरुकुल संस्थान बना युवाओं की आत्मनिर्भरता का माध्यम



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जशपुर की ओर से संचालित नवगुरूकुल संस्थान जिले के युवाओं एवं छात्राओं के लिए कौशल विकास और आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अनुशासित शिक्षण वातावरण के माध्यम से विद्यार्थी निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। नवगुरूकुल में छात्राओं को प्रोग्रामिंग एवं बिजनेस से जुड़े आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ जीवन कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे रोजगारोन्मुखी बन रही हैं। नवगुरूकुल की छात्रा आकांक्षा विश्वकर्मा, जो मध्यमवर्गीय परिवार से हैं, इस पहल की एक मिसाल हैं। आकांक्षा ने शासकीय विजय भूषण सिंह देव गर्ल्स कॉलेज, जशपुर से स्नातक की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात नवगुरूकुल संस्थान से जुड़कर अपने करियर को नई दिशा दी। संस्थान की ओर से उपलब्ध कराए गए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, सतत मार्गदर्शन एवं सीखने के अनुकूल वातावरण ने उन्हें आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्रदान किया। नवगुरुकुल के स्कूल ऑफ प्रोग्रामिंग के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए आकांक्षा लाइफ स्किल कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्य की। आज वे एचटीएमएल, सीएसएस एवं जावास्क्रिप्ट जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी कौशल में दक्ष हैं। इसके साथ ही संस्थान ने उनमें आत्मविश्वास, टीमवर्क एवं समस्या-समाधान जैसे आवश्यक जीवन कौशल का भी विकास किया है।

## सुंदरगढ़ में शांति बहाल करने का प्रयास, एसपी के नेतृत्व में गश्त



**सुंदरगढ़।** गोमांस को लेकर फैली अफवाह के कारण सुंदरगढ़ के रीजेंट मार्केट इलाके में दो समुदायों के बीच भीषण झड़प हो गई। दोनों पक्षों ने एक.दूसरे पर जमकर पथराव किया। इस दौरान विभिन्न समुदायों की दुकानों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगा दी गई। पथराव की घटना में 2 पुलिसकर्मियों सहित दोनों समुदायों के 8 लोग घायल हो गएए जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थिति को सामान्य करने और शहर में शांति बहाल करने के लिए पश्चिमांचल के डीआईजी ब्रिजेश राय, सुंदरगढ़ की एसपी अमृतपाल कौर, जिला कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। शांति समिति के गठन के लिए कलेक्टर और एसपी ने दोनों समुदायों के नेताओं के साथ बातचीत की है। घटना के बाद एसपी के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरी रात शहर में गश्त कर स्थिति पर नजर रखी। संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं हिंसा फैलाने और लोगों को भड़काने वाले दोनों समुदायों के असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। डीआईजी ने मीडिया के सामने कहा है कि इस घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए 10 प्लाटून सशस्त्र पुलिस बल में से एक प्लाटून को हटा लिया गया है। शांति बनाए रखने के लिए शहर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है तथा इंटरनेट सेवा बंद है। कल शाम 5 बजे से शहर के सभी बाजार बंद हैं। आज सुंदरगढ़ शहर और आसपास के इलाकों के सभी शिक्षण संस्थान भी बंद रखे गए हैं।

## युवतियों के लिए निशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 तक ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिए निशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में 15 युवतियों ने सहभागिता की। संस्था ने उन युवतियों का चयन किया गया, जो आर्थिक रूप से कमजोर थीं, प्रेम प्रसंग एवं लैंगिक अपराध जैसी परिस्थितियों से मुक्त कराई गई थीं तथा आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं।



प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान सिलाई एवं बैग निर्माण के साथ-साथ साबुन निर्माण और झूमर बनाने की विधि का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम तथा लैंगिक अपराध जैसे गंभीर सामाजिक विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। बच्चों एवं किशोरियों से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण देकर प्रतिभागियों को आत्म-सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई।




# एक दिन का पहला पोस्टर जारी रोमांटिक अंदाज में नजर आईं साई

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। एक्टर के साथ रोमांटिक अंदाज में साई पल्लवी नजर आईं। महाराज और लवयापा जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके जुनैद खान की आगामी बॉलीवुड फिल्म एक दिन' का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने गुरुवार 'एक दिन' की रिलीज की जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। आमिर खान प्रोडक्शंस ने 15 जनवरी को 'एक दिन' का पहला पोस्टर जारी किया। इसमें जुनैद खान और साई पल्लवी बर्फबारी में रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों बर्फबारी में कड़ाके की ठंड के बीच आइसक्रीम खाते दिखाई दे रहे हैं।

लाइफ Style

# मिनिषा

## दोस्तों के साथ ट्रिप पर निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं लोकप्रिया अभिनेत्री अपने दोस्तों के साथ हाल ही में यात्रा पर निकलीं। उन्होंने वेकेशन की कुछ फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं। ये एक्ट्रेस रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी हैं।

रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी एक एक्ट्रेस इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर हैं। मगर, इसके बावजूद खूब लाइमलाइट में रहती हैं। खासकर, सोशल मीडिया पर वे नियमित रूप से तस्वीरें और वीडियो शेयर करती दिखती हैं। अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने दोस्तों के साथ फोटोज शेयर की हैं। हम जिनकी बात कर रहे हैं, वो दरअसल, मिनिषा लांबा हैं। वे इन दिनों दोस्तों के साथ सैर-सपाटे पर निकली हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज साझा किए हैं। इनमें वे समुद्र किनारे दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताती दिख रही हैं। मिनिषा 18 जनवरी को अपना बर्थडे सेलिब्रेट करेंगी, उससे पहले उन्होंने दोस्तों के साथ यह ट्रिप प्लान की है। मिनिषा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए पोस्ट के साथ एक नोट लिखा है। इसमें अपने खास दोस्तों का जिक्र किया है, जिनके साथ ट्रिप मजेदार रही। मिनिषा लिखती हैं, 'दुनिया में सिर्फ पांच लोग हैं, जिनके लिए मैं 17 घंटे की देरी की फ्लाइट भी सह लूंगी। उनमें से एक आस्था शर्मा हैं'। मिनिषा ने आगे अपने भाई करण लांबा का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा है, 'सबसे अच्छा ट्रिप प्लानर करण लांबा, जिसने इतने बड़े ग्रुप के लिए छुट्टी का सारा प्रैक्टिकल काम किया'।



## हॉलीवुड मसाला



# परिवार की रक्षा के लिए बनीं क्रूर समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस की नई अंतरराष्ट्रीय फिल्म 'द ब्लफ' का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में प्रियंका, कार्ल अर्बन के साथ जबरदस्त एक्शन करती नजर आईं। ट्रेलर में पहली बार उनके किरदार एर्सेल 'ब्लडी मैरी' बॉडेन की झलक दिखाई गई है। यह फिल्म 25 फरवरी को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। 'द ब्लफ' के ट्रेलर में प्रियंका एक खूंखार महिला समुद्री डाकू (पाइरेट क्वीन) के रूप में नजर आ रही हैं। उनके शरीर पर जख्म के निशान हैं, खून से सनी लड़ाइयां हैं, और बहुत शानदार एक्शन सीन हैं।



# सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड अभिनेत्री बनीं

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री जोई सल्डाना हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। अभिनेत्री जोई सल्डाना हॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। यह कामयाबी उन्हें उनकी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की बॉक्स ऑफिस पर सफलता के बाद मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट 'नंबर्स', के मुताबिक सल्डाना ने 33 फिल्मों से 15.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए हैं। यानी हर फिल्म से उनकी लगभग 469 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई हुई है। जोई सल्डाना ने 2025 में फिल्म 'एमिलिया पेरेज' में अपनी परफॉर्मेंस के लिए अपना पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीता।



# दिशा-तलविंदर की डेटिंग की खबरें जोरों पर

**मुंबई।** सिंगर और म्यूजिक प्रोड्यूसर तलविंदर तब सुर्खियों में छा गए जब इंटरनेट पर लोगों ने नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी में दिशा पाटनी को उनका हाथ पकड़े देखा। वीडियो वायरल होने के बाद से इस जोड़ी के बारे में खूब बातें हो रही हैं। हालांकि, इस जोड़ी ने अभी तक इन अफवाहों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन खबरों ने तलविंदर को चर्चा में ला दिया है। दिशा पाटनी और पंजाबी सिगर तलविंदर को लेकर डेटिंग की खबरें जोरों पर हैं। कहा गया कि पहली बार नूपुर और स्टेबिन की शादी के वायरल वीडियो में आखिरकार सिंगर का चेहरा सामने आ गया है, इंटरनेट पर लोगों का मानना है कि यह व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि पंजाबी गायक तलविंदर हैं। नूपुर और स्टेबिन की शादी के वीडियो को देखने के बाद कई लोगों को पता चला है कि तलविंदर कैसे दिखते हैं।




# पहली बार एक साथ करेंगे काम...

**नई दिल्ली।** विद्युत जामवाल और टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड इंडस्ट्री को दो ऐसे कलाकार हैं, जो रियल लाइफ में मार्शल आर्ट्स के मामले में अव्वल माने जाते हैं। जहां एक तरफ फोर्स में विद्युत ने जॉन अब्राहम के सामने अपना दम दिखाया था, वहीं वॉर में टाइगर ने ऋतिक रोशन को कड़ी चुनौती पेश की थी। अब खबर आ रही है कि आने वाले समय में विद्युत जामवाल और टाइगर श्रॉफ एक साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए नजर आ सकते हैं। एक लव स्टोरी एक्शन थ्रिलर को लेकर इनका नाम सुर्खियां बटोर रहा है। हिंदी सिनेमा में एक्शन के मामले में टाइगर श्रॉफ और विद्युत जामवाल दोनों ही ऐसे अभिनेता है, जिन्होंने इस जॉनर में समय के साथ स्वयं को लगातार साबित है। अब यह दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम आया सामने

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम सामने आ गया है। टीवी एक्टर करण पटेल इस शो में हिस्सा लेने जा रहे हैं। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ये बात कन्फर्म की है। उन्होंने लिखा, 'एक शेर को दूसरे शेर का बुलावा आया है।..एक्साइटमेंट भी है।..और सवाल भी। 'द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर।''द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर आएगा। इस फिल्ममेकर, यूट्यूबर और कोरियोग्राफर फराह खान होस्ट करने वाली हैं। इस शो में कुल 50 सेलेब्स पार्टिसिपेट करने वाले हैं। वे 50 दिनों तक एक घर में रहेंगे और टास्क परफॉर्म करेंगे। 'बिग बॉस की तरह इस रिएलिटी शो में भी एलिमिनेशन होंगे। करण पटेल के अलावा धनश्री वर्मा, प्रतीक सहजपाल, सबा आजाद, एमीवे, ओरी, श्वेता तिवारी, अंकिता लोखंडे, कुशा कपिला, अंशुला कपूर, तान्या मित्तल, शिव ठाकरे, उर्फी जावेद, मिस्टर फैसु, निक्की तंबोली, अरबाज़ पटेल, श्रीसंत, करण पटेल, रिद्धि डोगरा, मल्लिका शेरावत, विवियन डीसेना और जय भानुशाली को भी अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक अन्य कन्फर्म कंटेस्टेंट्स के नाम सामने नहीं आए हैं। बिग बॉस पर्सनैलिटी और रिश्तों का शो है। 'द 50' स्ट्रेंथ का शो है। बिग बॉस में सिर्फ 16 से 18 कंटेस्टेंट्स होते हैं। 'द 50' में 50 कंटेस्टेंट्स रहेंगे। 'बिग बॉस' के घर में किचन और डायनिंग हॉल था, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक 'द 50' में किचन और डायनिंग नहीं रहेगा।

## सुनील ग्रोवर ने चूल्हे पर बनाईं रोटियां



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर चूल्हे पर रोटी बनाते नजर आ रहे हैं। फैंस को सुनील का ये अंदाज बहुत पसंद आया है। कपिल शर्मा के शो में कभी गुत्थी तो कभी डॉक्टर मशहूर गुलाटी बनकर फैंस को हंसाने वाले सुनील ग्रोवर ने अब एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर किसी किरदार में नहीं बल्कि सुनील ग्रोवर नजर आ रहे हैं। वीडियो में सुनील चूल्हे पर रोटीयां बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर उनके फैंस से लेकर सिलेब्स तक ने रिएक्शन दिया है। सुनील ग्रोवर ने जो वीडियो पोस्ट किया है उसमें वो जमीन पर बैठे हैं। रोटी बेलते नजर आ रहे हैं और रोटियां सेंकते नजर आ रहे हैं। वीडियो में प्लेबैक में रांझया वे गाना भी सुनाई पड़ रहा है। रणवीर बरार ने भी कमेंट किया है।

# एआई ने तैयारी की धुरंधर की तस्वीर, हमजा बने अमिताभ

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म धुरंधर को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। फिल्म ने धांसू कलेक्शन किया वहीं किरदार के अलावा इसके गाने भी खूब पॉपुलर हुए। फिल्म ने 813.6 करोड़ का कलेक्शन किया जबकि वर्ल्डवाइड इसका कलेक्शन 1269.1 करोड़ के आसपास हुआ। वहीं, इस पर कई सारे मीम्स भी बने। अब भला यूजर्स कैसे पीछे रहने वाला। उन्होंने एआई की मदद से कुछ तस्वीरें बनाई हैं। ये एआई तस्वीरें इस जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म धुरंधर को स्टाइलिश लुक के साथ 1980 के दशक की एक हाई-ऑक्टेन बॉलीवुड फिल्म के रूप में फिर से प्रस्तुत कर रही हैं। फैंस इन तस्वीरों को देखकर काफी एक्साइटेड हैं। मिस्टर हैलरॉकर के नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चलाने वाले शौविक रूज ने एआई की मदद से तैयार की हैं। एक तस्वीर में अमिताभ बच्चन को एक गंभीर भाव के साथ दिखाया गया है, जो उनकी 'दीवार' और 'शक्ति' फिल्मों के दिनों की याद दिलाता है। ऑलिव ग्रीन कॉस्ट्यूम पहने अमिताभ बच्चन हमजा के रोल में नजर आए जो किरदार रणवीर सिंह ने निभाया था। उनके सिगरेट पीने का अंदाज बहुत ही बेहतरीन लग रहा है। उन्हें मैच करते हुए अगली तस्वीर विनोद खन्ना की थी, जिन्हें रहमान डकैत का रोल दिया गया। ओरिजनल मूवी में ये किरदार उनके बेटे अक्षय खन्ना ने निभाया है। तस्वीर में विनोद खन्ना ब्लैक कलर के पठानी में एविएटर लगाए नजर आए।



# 2026 की सबसे महंगी फिल्में, हैरान कर देगा बजट



**नई दिल्ली।** 2026 में बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों की लिस्ट देखकर आप हैरान रह जाएंगे। इस साल कई बड़े बजट की फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिन पर करोड़ों रुपयों का खर्च हुआ है। ये सभी फिल्में बॉलीवुड के बड़े सितारों से सजी हैं और इनका बजट इतना बड़ा है कि पिछले कई साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ देता है। 2026 बॉलीवुड के लिए धमाकेदार साल साबित होने वाला है। क्योंकि, इस साल फिल्मों के बड़े बजट, बड़े सितारे और बड़े क्लैश देखने को मिलेंगे। ये सभी फिल्में कुल मिलाकर 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा के बजट में बनी हैं। इनमें स्टार्स की फीस भी बहुत बड़ी है। इस लिस्ट में शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे सुपरस्टार्स शामिल हैं।

**रामायण :** निर्देशक नितेश तिवारी की 'रामायण' का कथित बजट लगभग 900 करोड़ रुपये के आस पास है। 'रामायण' का पहला भाग इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग 2027 में रिलीज होगा। नमित मल्होत्रा द्वारा निर्मित इस महाकाव्य में रणबीर कपूर (भगवान राम), यश (रावण), और साई पल्लवी (माता सीता) के किरदार में नजर आएंगे। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दोनों पार्ट्स (पार्ट 1 और पार्ट 2) का कुल बजट 4000 करोड़ तक बताया गया है। इस फिल्म के लिए रणबीर दोनों भागों के लिए कुल 150 करोड़ रुपए फीस चार्ज कर रहे हैं।

**किंग :** निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' का कथित बजट लगभग 300 करोड़ रुपए है। इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। कथित तौर पर इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के लिए शाहरुख 150-250 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं।

**धुरंधर 2 :** धुरंधर की सफलता के बाद धुरंधर 2 इस साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त और सारा अर्जुन नजर आएंगे। इस एक्शन फिल्म के पहले पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर आसानी से 800 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जो अभी भी जारी है। 'धुरंधर 2' का बजट लगभग 250 करोड़ रुपए है, जो इस साल मार्च में रिलीज होगा। इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह ने 30 से 50 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं।

**बॉर्डर 2 :** बॉर्डर 2 का बजट लगभग 230 करोड़ रुपए के आस पास है। सनी देओल की देशभक्ति वाली यह फिल्म 1971 के युद्ध पर आधारित है। इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे सितारे हैं। यह जनवरी 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म के लिए सनी देओल ने 50 करोड़ रुपए फीस ली है।

**बैटल ऑफ गलवां :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का बजट लगभग 200 करोड़ रुपए है। यह एक वॉर फिल्म है, जो गलवां घाटी की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में देशभक्ति और एक्शन का धमाका देखने को मिलेगा।

## वरुण धवन निभा रहे रोल, 23 जनवरी को रिलीज होगी बार्डर 2

# कहानी परम वीर मेजर होशियार सिंह की, 350 दुश्मनों के बने थे काल


*नई दिल्ली। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी से सजी फिल्म 'बॉर्डर 2' गणतंत्र दिवस के ठीक पहले 23 जनवरी को रिलीज होगी। इसमें वरुण धवन को लेकर इंटरनेट पर कुछ ज्यादा ही बातें हो गईं। पहले तो उन्हें बहुत भला-बुरा कहा गया, लेकिन फैंस उनकी एक्टिंग की तारीफ भी कर रहे हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि वरुण जिस दिग्गज सैनिक होशियार सिंह का रोल प्ले कर रहे हैं, वो कौन थे!*

### मेजर होशियार सिंह कौन हैं

सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' कुछ ही दिनों में 23 जनवरी को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुए लोंगेवाला वॉर पर आधारित थी। अब नए पार्ट यानी 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चा है कि इस फिल्म में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर ध्यान दिया जाएगा। युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए दुश्मन पर हमला करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना तीनों को दिखाया जाएगा। इसमें वरुण धवन मेजर होशियार सिंह का किरदार निभा रहे हैं, जिनकी बहादुरी के किस्से हर किसी को जानना चाहिए। उनकी वीरता की कहानी आपको भी भावनाओं से भर देगी।

### घायल होने के बावजूद लड़ाई लड़ी

वरुण धवन ने 3 ग्रेनेडियर्स के मेजर होशियार सिंह दहिया का रोल प्ले किया है, जिन्हें युद्ध के दौरान उनकी वीरता के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। होशियार सिंह ने एक पुराने इंटरव्यू में बसंतर के युद्ध के दौरान घटी घटनाओं को याद किया था, जिसमें उन्होंने घायल होने के बावजूद लड़ाई लड़ी और सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया। इसी युद्ध में द्वितीय लेफ्टिनेंट अरुण खेतरपाल शहीद हो गए थे। अरुण के जीवन पर बेस्ड फिल्म 'इक्कीस' इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



### बसंतर की लड़ाई की कहानी सुनाई

1997 में रिकॉर्ड किए गए एक इंटरव्यू में होशियार सिंह ने बसंतर की लड़ाई की कहानी सुनाई, जिसमें कई पाकिस्तानी टैंक नष्ट हो गए और उनके कई सैनिक शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें पाकिस्तान की सीमा में आने और बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था। यह पुल सीमा से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित था। मेजर होशियार बाईं ओर की कमान संभाल रहे थे और उन्हें जरपाल गांव पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था, जिस पर पाकिस्तानी सेना का कब्जा था। उन्होंने इस क्षेत्र के आसपास बारूदी सुरंगें बिछाई थीं और यहां टैंक और गोला-बारूद तैनात किए थे।

**दुश्मन सेना कब्जा नहीं करने दे रही थी :** 15 दिसंबर को रात 10 बजे उन्हें नदी पार करके गांव पर कब्जा करने का आदेश मिला। तमाम मुश्किलों के बावजूद, उन्होंने नदी पार की और रात 12 बजे तक उस इलाके पर कब्जा कर लिया। यह बहुत कठिन था क्योंकि दुश्मन सेना भारतीय सेना को इस जगह पर कब्जा नहीं करने दे रही थी और अगर पाकिस्तानी इस जगह को खो देते, तो भारतीय सेना जानती थी कि वे इस पर दोबारा कब्जा करने के लिए जी-जान से लड़ेंगे।

**केवल 2 घंटे में गांव पर किया कब्जा :** होशियार सिंह ने याद करते हुए बताया कि यह इलाका इतने कम समय में अपने कंट्रोल में लेना उनके लिए बहुत दबाव भरा था। उन्हें बताया गया था कि उन्हें 12 बजे तक गांव पर कब्जा करना है, और नदी पर पुल बनाने के लिए उनके पास भोर तक का ही समय था ताकि भारतीय टैंक इलाके में जा सकें। इसी वक्त में उन्हें सभी बारूदी सुरंगों को भी साफ करना था।

### रिटायरमेंट और निधन

उन्होंने याद किया कि 18 दिसंबर को पाकिस्तान का एक ब्रिगेड कमांडर सफेद झंडा लहराते हुए आया। उसने पाकिस्तानी सैनिकों के शव मांगे और घोषणा की कि वे अब पीछे हट रहे हैं। इस समय तक दोनों सरकारों की तरफ से युद्धविराम की घोषणा हो चुकी थी। मेजर होशियार सिंह ने बताया कि युद्धविराम के बाद भारतीय ब्रिगेड कमांडर भी आए और उन्होंने मैदान का जायजा लिया, जबकि होशियार घायल पड़े थे। उन्हें बताया गया कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। होशियार सिंह 1988 में भारतीय सेना से रिटायर हुए। 1998 में 61 की उम्र में उनका निधन हो गया।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस में परेड अभ्यास छात्र स्पर्धाएं पर विशेष चर्चा

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर गुरुवार को सद्भावना भवन में एक जिला स्तरीय तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21, 22 और 24 जनवरी को सुबह 7: 30 बजे परेड अभ्यास कराने, विद्यालयों और महाविद्यालयों में देशभक्ति कविता पाठ, चित्रांकन, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में रोशनी सजाने के कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। गणतंत्र दिवस के दिन सुबह 4 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगीए इसके बाद सुबह 7:30 बजे सभी सरकारी एवं गैर.सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

### होर्डिंग के लिए आरएमसी ने किया शुल्क तय

**राउरकेला।** शहर की सुंदरता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि विज्ञापन गतिविधियां कानूनी व सुव्यवस्थित ढंग से हों, राउरकेला नगर निगम आरएमसी ने शहर सीमा के भीतर निजी संस्थानों द्वारा लगाए जाने वाले अस्थायी होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, विज्ञापन वाहनों तथा अस्थायी गेटों के नियमन हेतु निर्धारित शुल्क तय कर दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय दृश्य प्रदूषण रोकने, शहरी स्वच्छता बनाए रखने और पूरे शहर में विज्ञापन की एक समान व्यवस्था लागू करने के लिए लिया गया है। अब इस प्रकार की सभी गतिविधियों के लिए से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा और निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राजकुमार यादव ने वर्षो से लंबित विज्ञापन ठेके पर बंदर बाँट का आरोप लगाया व जल्दी ही इसके टेंडर निर्गत किये जाने की अपील की स करोड़ों के राजस्व को वर्षो से बंदरबाँट का गंभीर आरोप लगाया।

### बीरमित्रपुर में मेगा मार्केट निर्माण पर विवाद

**बीरमित्रपुर।** चाइना टाऊन के पास करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा मेगा मार्केट कॉम्प्लेक्स प्रशासनिक नियमों की खुलेआम अनदेखी करता नजर आ रहा है। निर्माण कार्य के लिए बिल्डिंग प्लानिंग परमिशन नहीं लिया गया है, जो कि सुप्रीम कोर्ट के 17 दिसंबर के निर्देशों के अनुसार अनिवार्य है। कोर्ट के आदेश के अनुसार निर्माण के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना और कार्य समापन प्रमाणपत्र लेना आवश्यक है, साथ ही निर्माण नक्शे के अनुसार हो रहा है या नहीं इसकी जांच अधिकारी करेंगे। हालांकि, वर्तमान निर्माण के लिए नगर पालिका को कोई योजना प्रस्तुत नहीं की गई है। नगरपालिका ईओ यूसुफ अहमद ने कहा कि शिकायत मिलने पर नियम 262 के तहत नोटिस जारी किया गया है, और नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर कार्रवाई की जाएगी। 83 डिसमिल जमीन पर चल रहे इस निर्माण में दर्जनों दुकानें बनाई जा रही हैं, लेकिन स्वामित्व स्पष्ट नहीं है।

### कुडुमी समाज ने किया सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

**बिरमित्रपुर।** झूमर नृत्य व टुसु चौड़ल प्रतियोगिता में कलाकारों ने बिखेरा रंग कुडुमी समाज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक झूमर नृत्य एवं टुसु चौड़ल/पालकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरा पीढ़ी कुडुमी समाज के अध्यक्ष ध्रुव चरण महात ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बिरमित्रपुर के पूर्व विधायक शंकर ओराम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में तहसीलदार प्रेमानंद उरमा, बिसरा के आईआईसी मनोरंजन कुम्भार, अतिरिक्त तहसीलदार विश्वनाथ किसान, पश्चिम सिंहभूम जिला समिति आदिवासी कुडुमी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महात तथा समाजसेवी कैलाश साहू शामिल रहे। झूमर नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजू कुडुमाली सांस्कृतिक दल, उडुसु ने, द्वितीय मिष्टी दल, झारबेड़ा ने तथा तृतीय अर्पिता दल, आर.एस. कॉलोनी ने प्राप्त किया। टुसु चौड़ल/ पालकी प्रतियोगिता में कपरांडा टुंगरी टोला प्रथम, तेतेरकेला द्वितीय और बरसुआं ग्राम तृतीय रहा। विजेताओं को अतिथियों द्वारा नकद पुरस्कार एवं वॉल क्लॉक भेंट कर सम्मानित किया गया।

### पीएम की माताश्री की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप किया जा रहा है आयोजित

# अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में छग के सुगंधित चावल से बना प्रसाद अर्पित किया जो राज्य के लिए गर्व का विषय : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी अंचल बरगढ़ खोला के ग्राम.खम्हार में आयोजित शिव महापुराण कथा में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। यह भव्य धार्मिक आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताश्री हीराबेन मोदी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, जांजगीर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, महापौर जीवर्धन चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने विधिवत पूजा.अर्चना कर भगवान शिव से प्रदेश की सुखए शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन परंपरा और आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में नैतिकता, संस्कार और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र में इस प्रकार का विशाल धार्मिक आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए पुण्य का अवसर है। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज से आशीर्वाद लिया और कहा कि इतनी कम उम्र में शिव महापुराण जैसे महान ग्रंथ का संगीतमय कथा वाचन करना प्रभु की विशेष कृपा से संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि अनेक शासकीय कार्यक्रमों के बावजूद उनका मन यही कह रहा था कि इस दिव्य आयोजन में अवश्य शामिल होना चाहिए, भले ही कुछ समय के लिए ही क्यों न हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजन समिति एवं आयोजन के संकल्पकर्ता मनु राठिया को साधुवाद देते हुए कहा कि एक मध्यम वर्गीय परिवार द्वारा वनांचल क्षेत्र में इतना भव्य धार्मिक आयोजन कर पूरे अंचल को भक्तिमय बना देना असाधारण साहस और बड़े हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक परिवार के लिए नहींए बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को पुण्य का भागी बनने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही भूमि है जहां प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय व्यतीत किया। माता शबरी के जूठे बेरों की महिमा आज भी जीवंत है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण.प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल से बना प्रसाद अर्पित किया गया, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक दो वर्षों में 40 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या दर्शन कर चुके हैं। वहीं मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 19 चिन्हित तीर्थ स्थलों की यात्रा कराते हुए अब तक 5 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया है।

#### सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का है सशक्त माध्यम : ओपी

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा जैसे आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक एकता के सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आयोजन समिति और कथा व्यास को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ प्रतिदिन प्रातः 9 बजे होता है। कथा वाचन अकोला महाराष्ट्र से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा हैए जिसमें भगवान शिवए माता पार्वती सहित संपूर्ण शिव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। आयोजन को सफल बनाने में श्री महेश साहू एवं उनकी टीम का सक्रिय सहयोग रहा।

### रेलवे एफओबी हादसे पर सन्नाटा जवाबदेही तय नहीं

**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे क्षेत्र में फुट ओवर ब्रिज एफओबी की



मरम्मत के दौरान हुए गंभीर हादसे को दस दिन बीत चुके हैंए लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस चुप्पी ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को राउरकेला आईओडब्ल्यू विभाग के कर्मचारी नंदलाल लकड़ा एफओबी की मरम्मत में लगे थेए तभी लापरवाही के चलते वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राउरकेला इस्पात जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद चक्रधरपुर रेलमंडल के सीनियर डीएसओ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, बावजूद इसके अब तक न जिम्मेदारी तय हुई और न ही विभागीय कार्रवाई की गई। सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया है कि मरम्मत कार्य के दौरान रेलवे द्वारा ब्लॉक तक नहीं लिया गया था, जबकि मौके पर एडीईएन अशेष और आईओडब्ल्यू टी सतपथी मौजूद थे।

## भागवत ज्ञान कथा में कृष्ण जन्मोत्सव ने बदली देवारपारा, तेंदूडीपा की तस्वीर

**रायगढ़।** गुरूवार को तेंदू डीपा देवार पारा में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा मैं राम कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव की लीलाओं पर पंडित श्री भारत भूषण शास्त्री के अमृत वचनों के द्वारा सर्वप्रथम वामन अवतार के लीलाओं की विस्तृत कथा के माध्यम से लोगों को भगवान विष्णु की लीलाओं से मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं दूसरी ओर श्री राम कथा का वाचन जब व्यास पीठ पर बैठे शास्त्री जी द्वारा किया गया , तो सारा पंडाल जैसे स्तब्ध सा हो गया। इस कथा के अंतर्गत भरत को राजगद्दी और श्री राम को 14 वर्ष का वनवास का प्रसंग जब उन्होंने अपने मधुर वाणी से सुनाना प्रारंभ किया तो पंडाल में बैठे भक्तों की आंखें स्वतः ही सजल हो गई। व्यास पीठ पर बैठे शास्त्री जी के कथा वाचन की ऐसी शैली और उसके प्रभाव से मानो ऐसा लग रहा था की पूरा पंडाल जैसे सतयुग की यात्रा कर रहा हो। इतना ही नहीं श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के चौथे दिन की अद्भुत और अकल्पनीय पल वह रहा जब व्यासपीठेश्वर ने श्री वासुदेव के विवाह और तत्पश्चात लीलाओं के अगले क्रम में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन प्रारंभ किया। जैसी ही श्री वासुदेव और देवकी के आठवें संतान के जन्म की कथा प्रारंभ की ए व्यास पीठ की



दाहिनी और बैठे विभिन्न वाद्य कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों से ऐसी गर्जना प्रारंभ कीए कि मानो बादल फटकार पूरे वातावरण को जलमग्न करने पर आतुर हो गई होए और उसी समय पंडाल के बाहर से श्री वासुदेव बाबा अपनी आठवीं संतान श्री कृष्ण को सजी.धजी टोकरी में डाल अपने माथे पर लिएए गले से ऊपर यमुना के जल को पार करते हुए चले आ रहे हैंए इस दृश्य ने पूरे पंडाल को कौतूहल से भर दिया और लोगों ने फूलों की वर्षा करनी और अपने चहेते श्री कृष्ण के जयकारे लगाने प्रारंभ कर दिए।

### पुसौर में कांग्रेस की बागडोर अब नरेश के हाथ

**पुसौर।** कांग्रेंस ने पुसौर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश तिवारी को बनाया गया है। नरेश तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया ह। नरेश ग्राम पंचायत में 10 साल, सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल में 5 साल विधायक प्रतिनिधि के रूप में 12 साल तथा कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं महामंत्री के रूप में 15 साल अपनी सेवाएं दी है। ग्राम जतरी निवासी नरेश तिवारी का रहा और बीते दिनांक को उन्हें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके अध्यक्ष बनने को ब्लाक के मुख्य कांग्रेस नेताओं में रोहित पटेल, किसोर कसेर, हेमलाल साव, सुरेन्द्र पंडा, मुकेश महाणा, सहित अन्य कई वरिष्ठ जनों से राय शुमारी करने पर सभी ने कहा कि नरेश तिवारी का ब्लाक अध्यक्ष होना कांग्रेस के लिए हितकर होगा।

## लिबरा के सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट निर्देश हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या उदासीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसानों के हितों को प्रभावित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की कड़ी निगरानी में जिले के धान उपार्जन केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में धान खरीदी कार्य में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिबरा के सहायक समिति प्रबंधक श्री आनंद कुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उप आयुक्त सहकारिता ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की केंद्रवार मॉनिटरिंग एवं सतत निगरानी हेतु कलेक्टर के निर्देष पर जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहकारिता विस्तार अधिकारी विकासखंड लैलूंगा द्वारा धान खरीदी केंद्र लिबरा का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन में यह उल्लेख किया गया कि सहायक समिति प्रबंधक आनंद कुमार पटेल द्वारा शासन के निर्देशानुसार धान की खरीदी नहीं की जा रही थी तथा धान खरीदी कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरती जा रही थी, जिससे खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालयए महानदी भवनए नवा रायपुर द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा थाए जिसके कारण धान खरीदी के कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था और किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक अर्थात खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की संपूर्ण धान खरीदी अवधि के लिए धान खरीदी कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 एस्मा एक्ट 1979 लागू किया गया है। इसके बावजूद कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिताए समयबद्धता और किसानों के हितों की रक्षा प्राथमिकता है। आगे भी धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पीएमश्री सेजेस तमनार में किया गया साइकिल वितरण



**तमनार।** शासन द्वारा छग में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत की गई है, जिसमें कक्षा नवमीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य दूर दराज में रहने वाली बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, स्कूल छोड़ने की दर कम करना और उन्हें परिवहन सुविधा देना है। इस योजना के प्रारंभ होने से बालिकाओं में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है उपस्थिति में इजाफा हुआ है। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल तमनार में सरस्वती सायकल का वितरण जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक सिदार, तमनार भाजपा मण्डल के अध्यक्ष स्वरुप पटनायक, भाजपा मण्डल महामंत्री रमेश गुप्ता, बीडीसी गीतांजलि पटनायक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष दीपक पटनायक, समिति के सदस्यगण श्यामा उरांवए डिलेश्वर साव, रामचरण कुम्भकार, सुकदेव पटनायक शाला के प्राचार्य बाबूलाल पटेल, पूर्व प्राचार्य बालकृष्ण वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान हुआ। इस योजना के तहत विद्यालय के बीस छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

### बीजेडी विधायक पार्टी से निलंबित

**केंदुझर।** बीजेडी के चंपुआ विधायक सनातन महाकुड़ पार्टी से निलंबन चाहते थे। यह बात वे एक-



दो बार नहीं ] बल्कि कई मौकों पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से स्पष्ट कर चुके थे। दो दिन पहले उनका संदेश और भी साफ था, जब उन्होंने कहा कि पार्टी से बढ़कर उनके लिए मिट्टी यानी अपने क्षेत्र की जनता है और वे मिट्टी के लिए काम करने वाले मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी खुलकर कहा कि बीजेडी शासनकाल में केंदुझर जिले की उपेक्षा हुई। इन बयानों के बाद बीजेडी द्वारा सनातन महाकुड़ को निलंबित किया गया। हालांकि राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि चुनाव के बाद से ही वे बीजेडी के साथ न रहने का मन बना चुके थे।

## 1463 विद्यार्थियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

मोना मॉडर्न स्कूल सारंगढ़ में आयोजित 23वां स्थापना दिवस समारोह मल्हार सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से 1463 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपी केशरवानी अध्यक्ष मोना शिक्षण समिति, एवं श्रीमती लता केशरवानी कोषाध्यक्ष मोना शिक्षण समिति रहे। जिन्होंने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम कि शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के संस्थापक डॉ. रितेश केशरवानी एवं डॉ. तोषी गुप्ता ने मंच से उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। डॉ रीतेश केशरवानी ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों बोर्ड परीक्षाओं में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम, खेल, सांस्कृतिक एवं सह.शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब शिक्षकों के समर्पण विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है।



## ईएसआइ मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर प्रदर्शन



**राउरकेला।** ईएसआइ मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर एक्शन कमेटी ने बिसरा चौक के पास विरोध प्रदर्शन किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह न्यायसंगत मांग केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री जुएल ओराम ने भी समर्थन किया है और दो बार संबंधित मंत्रालय का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया गया। वर्ष 2009 से राउरकेला वासियों द्वारा यह मांग उठाई जा रही है। वक्ताओं ने बताया कि भुवनेश्वर में पहले से ही 14 से अधिक ईएसआईसी संबद्ध अस्पताल और 22 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं, जबकि सुंदरगढ़ जिले में दो लाख से अधिक बीमाधारकों के बावजूद गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। एक्शन कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसमें रेल रोको आंदोलन और राउरकेला बंद करने जैसे कदम भी शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 2AC-35,501/- ऑफर 32,501/- 3AC-29,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त